**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 15.11.2025 समय : 0705

**<><><><><><><>**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार चुनाव की भारी जीत का श्रेय महिलाओं और युवाओं को दिया है।
- बिहार विधानसभा चुनाव में नवासी सीटों की जीत के साथ भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी–एन डी ए ने हासिल की 202 सीटें।
- श्री विजयपुरम स्थित राज्य पुस्तकालय में आज से पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन।
- विज्ञान केन्द्र में आज शाम होगा तारों, नक्षत्रों और शनि ग्रह का अवलोकन।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता कहा कि बिहार चुनाव में जीत विकास की राजनीति का जनादेश है। उन्होंने कहा कि यह जीत भाई–भतीजावाद की राजनीति की अस्वीकृति का भी जनादेश है। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधान मंत्री ने कहा कि यह बिहार की महिलाओं की जीत है, जिन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के जंगल राज का प्रकोप झेला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार की जीत ने पश्चिम बंगाल भाजपा की जीत की राह बना दी है।

**बाइट – प्रधान मंत्री**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि एनडीए ने पूर्ण एकता का प्रदर्शन करते हुए चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल किया है। लोक जनशक्ति पार्टी राम विलास के नेता और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिहार को विकसित राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

<><><><><><><>

सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एन.डी.ए. ने बिहार विधानसभा चुनाव में 202 सीट जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल कर लिया है। निर्वाचन आयोग ने कल रात सभी 243 सीटों के नतीजे घोषित कर दिए। भारतीय जनता पार्टी 89 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। उसके सहयोगी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जनता दल –यूनाइटेड ने 85 सीट जीतीं। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी –रामविलास को 19 सीट मिली। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाले हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा –सेक्युलर ने पाँच सीट जीती, जबकि उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने चार सीट हासिल की हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा नितिश

कैबिनेट में मंत्री प्रेम कुमार, महेश्वर हजारी और संजय सरावगी और भाजपा की मैथिली ठाकुर एन.डी.ए. से प्रमुख विजेताओं में शामिल हैं। राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागठबंधन को केवल 35 सीट ही मिली। राष्ट्रीय जनता दल को 25 सीट जबकि कांग्रेस को छह सीट मिली हैं। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी बिहार चुनाव में कोई भी सीट हासिल करने में विफल रही।

<><><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के.जोशी ने झारखंड स्थापना दिवस पर राज्य के सभी निवासियों, विशेषकर द्वीपसमूह में रहने वाले लोगों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि झारखंड को उसकी समृद्ध संस्कृति, प्राकृतिक संसाधनों और विकास के लिए सराहा गया है। यहाँ की जनजातीय परंपराएँ, विविध समुदाय और मेहनतकश लोग राज्य की पहचान हैं। इस अवसर पर झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण देने, समावेशिता और सतत विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बीएलओ चार नवम्बर से घर–घर जाकर मतगणना प्रपत्र वितरित व संग्रह कर रहे हैं। नागरिकों से फॉर्म भरकर बीएलओ को सौंपने को कहा गया है। आम जनता की सुविधा के लिए आज और कल शाम 4 से 6 बजे तक सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित राज्य पुस्तकालय में कल राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह–2025 का शुभारम्भ हुआ। इस कार्यकम का उद्घाटन शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने किया। उन्होंने बच्चों में पुस्तकों के प्रति रुचि विकसित करने हेतु अभिभावकों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही 'रीड अ बुक, गेट अ गिफ्ट फ्री' पहल की भी घोषणा की, जिसके तहत वरिष्ठ नागरिकों को चाय और बच्चों को चॉकलेट दी जाएगी। पुस्तक प्रदर्शनी में बच्चों की पुस्तकें, जीवनी, खेल, अंडमान–निकोबार पर आधारित पुस्तकों सहित विभिन्न भाषाओं की पुस्तकें भी उपलब्ध रहेंगी। प्रदर्शनी 20 नवम्बर तक सुबह 9 से रात 8 बजे तक खुली रहेगी।

<><><><><><><>

गुडविल एस्टेट स्थित विज्ञान केन्द्र में आज शाम साढ़े पाँच बजे से शाम सात बजे तक शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें आम जनता को नक्षत्रों, तारों और ग्रहों की जानकारी दी जाएगी तथा वे टेलिस्कोप से शनि ग्रह का अवलोकन कर सकेंगे। शाम को छह बजकर पन्द्रह पर मैजिक शो और

साढ़े पाँच बजे व छह बजकर दस मिनट पर 3D शो होंगे। स्काई शो और मैजिक शो का शुल्क 10 रुपये तथा 3D शो का शुल्क 20 रुपये रखा गया है।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग और अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से आईटीआई डॉलीगंज में बाल चेस उत्सव–2025 का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की सचिव ज्योति कुमारी ने किया। यह चेस कार्यक्रम विभिन्न श्रेणियों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय जूनियर चेस चैम्पियनशिप, झारखंड के लिए किया जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह आज दोपहर 12 बजे होगा।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिले के ग्राम पंचायत रामपुर, चेनपुर, पहलगाँव और किशोरीनगर क्षेत्रों में कृत्रिम गर्भाधान पर जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुजाता हेगड़े तथा डॉ. भोजने नागनाथ मार्तंड ने वैज्ञानिक पशुपालन, हीट डिटेक्शन, समय पर गर्भाधान, संतुलित पोषण, डी–वॉर्मिंग और झुंड स्वास्थ्य प्रबंधन के लाभ के विषय के बारे में जानकारी दी। शिविर में रिपीट–ब्रीडिंग पशुओं की जांच की गई और डी–वॉर्मिंग दवाएं भी वितरित की गईं।

<><><><><><><>

कैंपबेल बे के कमल बस्ती स्थित रिक्रिएशन हाल में 'ग्राम पंचायतों की रोग निवारण में भूमिका एवं मानसिक–शारीरिक स्वास्थ्य जागरूकता' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न पंचायतों के प्रधान, सचिव, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य–स्वच्छता समिति के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को संबंधित विषयों पर जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार बिल्डिंग और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की ओर से हाल ही में ग्राम पंचायत सिप्पीघाट, गुप्तापाड़ा और आसपास के क्षेत्रों में सात जागरूकता पंजीकरण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में अधिकारियों ने निर्माण श्रमिकों को पात्रता और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

<><><><><><><>

एम वी स्वराज द्वीप 17 नवम्बर को सुबह 10 बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई के लिए रवाना होगा। अतिरिक्त सामानों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य कल दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। जहाज रवानगी के दिन यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य सुबह 8 से 9 बजे तक चलेगा।

<><><><><><><>